राजभाषा हिन्दी की निरीक्षण रिपोर्ट

दिनांक 15.07.2022 (पूरवाह्न) को गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक (कार्यन्वयन), श्री नरेंद्र सिंह मेहरा ने हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के कार्यों का राजभाषा हिंदी संबंधित निरीक्षण किया तथा संस्थान में किए जा रहे उतकृष्ट कार्यों की सराहना की तत्पश्चात (अपराह्न) सतलुज जल विद्‌युत्‌ निगम लि0 के निदेशक (कार्मिक) श्रीमती गीता कपूर की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति (नराकास), शिमला (कार्यलय–2) की छमाही बैठक का आयोजन किया गया जिसमें गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक (कार्यन्वयन), श्री नरेंद्र सिंह मेहरा, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के निदेशक (प्रभारी) डा0 संदीप शर्मा एवं अन्य सरकारी कार्यालयों उपकर्मियों तथा बैंकों से 42 वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में सरकारी कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग की समीक्षा की गई एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में विचार विमर्श किए गए। हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार एवं प्रगामी प्रयोग हेतु समर्पित है तथा संस्थान द्वारा पिछली तिमाही में भी शत प्रतिशत कार्य राजभाषा हिंदी में ही किए गए।

<u>कार्यक्रम की झलकिया</u>